## ग्राम पंचायत पूलन, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01-04-2021 से 31-03-2023

## भाग-एक

1 **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों के फ़लस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम,1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप-सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच.-एच सी(5)-सी(15)एल ए डी/2006-12669 दिनाँक -07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत पूलन, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 01-04-2021 से 31-03-2023 के लेखों का अंकेक्षण कार्य इस विभाग द्वारा किया गया।

**(ख) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

ग्राम पंचायत पूलन, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा (हि०प्र०) से सम्बन्धित गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन के अनिर्णीत पैरों के समायोजन बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/RK/2023-24/414 दिनाँक 15-01-2024 एवं पुन: अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/RK/2023-24/416 दिनाँक 18-01-2024 के द्वारा पंचायत सचिव को अवगत करवाया गया, जिसका कोई प्रत्युत्तर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही किया गया। इस प्रकार से गत अंकेक्षण प्रतिवेदन का उपलब्ध न होना एक अत्यन्त गंभीर मामला है एवं गत अंकेक्षण के पैरों पर कोई भी कार्रवाई न करना न केवल नियमों के प्रतिकूल है, अपितु इससे अंकेक्षण का प्रयोजन ही निष्फल हो जाता है। अत: उक्त प्रकरण उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है। विगत अंकेक्षण प्रतिवेदन को उचित स्रोत से प्राप्त करने उपरान्त इसमें शामिल पैरों पर शीघ्र ही कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये। पंचायत के गत अंकेक्षण प्रतिवेदन को मुख्यालय से प्राप्त करने व वर्तमान अंकेक्षण उपरान्त अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरों की स्थिति निम्न प्रकार से है :-

**अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2019 से 03/2021 तक**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | पैरा स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क की प्राप्ति उपरान्त |
| 2. | 4, 4.1 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित। |
| 3. | 4.2 | अनिर्णीत | |
| 4. | 4.3 | अनिर्णीत | |
| 5. | 5 | अनिर्णीत | |
| 6. | 6 | अनिर्णीत | |
| 7. | 7 (क एवं ख) | अनिर्णीत | |
| 8. | 8 | अनिर्णीत | |
| 9. | 9 | अनिर्णीत | |
| 10 | 10 | अनिर्णीत | |
| 11 | 11 | अनिर्णीत | |
| 12 | 12 | अनिर्णीत | |
| 13 | 13 | अनिर्णीत | |
| 14 | 14 | अनिर्णीत | |
| 15 | 15 | अनिर्णीत | |
| 16 | 16 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित |
| 17 | 17 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित |

**(ग) अंकेक्षण अवधि 01-04-2021 से 31-03-2023 तक के दौरान ग्राम पंचायत पूलन में निम्नलिखित प्रधान एवं सचिव,ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक कार्यरत रहे हैं।**

**प्रधान**

| क्रम संख्या | पदाधिकारी का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती अनीता कुमारी | 01-04-2021 से 31.03.2023 |

**सचिव**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती नीना कुमारी | 01.04.2021 से 24.08.2022 |
| 2. | श्री कमल सिंह | 25.08.2022 से 31.03.2023 |

**ग्राम रोजगार सेवक**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री दीपक कुमार | 01-04-2021 से 31-03-2023 |

**तकनिकी सहायक**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री जय प्रकाश | 01-04-2021 से 31-03-2023 |

**(घ) गम्भीर अनियमितताओं का सार**

ग्राम पंचायत पूलन, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 01-04-2021 से 31-03-2023 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है :-

| क्र० सं० | पैरा संख्या | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 4.3 | बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बही एवं बैंक खातों के अन्तशेष में अन्तर पाया जाना | 2.47 |
| 2. | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 61.71 |
| 3. | 7.1 | पंचायत राजस्व, (गृहकर) की बकाया वसूली न करने बारे। | 0.98 |
| 4. | 7.2 | विवाह पंजीकरण के बिलम्ब शुल्क की वसूली न करने के कारण वित्तीय हानि | 0.04 |
| 5. | 8.2 | निर्माण /विकास कार्यों पर निर्माण सामग्री का दुरपयोग करने बारे | 0.34 |
| 6. | 8.3 | रॉयल्टी की अपेक्षित कटौती न करने के कारण सरकारी | 1.16 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | राजस्व की सम्भावित हानि। | |
| 7. | 8.4 | GST की अपेक्षित कटौती न करने के कारण सरकारी राजस्व की सम्भावित हानि। | 1.04 |
| 8. | 9.1 | मस्ट्रोलों के व्यय/भुगतान में पाई गई वित्तीय व अन्य अनियमितताओं बारे | 1.45 |
| 9. | 9.2 | औपचारिकताओं को पूर्ण किये बिना स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय। | 2.55 |
| 10. | 9.3 | सामान/स्टोर की स्टॉक प्रविष्टियाँ व रजिस्टरों का संधारण नियमानुसार न करने बारे | 1.21 |
| 11. | 9.4 (i & ii) | 14वां वित्त आयोग से अनुचित भुगतान करने बारे | 0.60 |
| 12. | 10.3 | प्रियासॉफ्ट व मैनुअल संधारित लेखों में भारी अन्तर | 7.02 |

## भाग- दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत पूलन, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 01-04-21 से 31-03-23 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री राकेश कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनाँक 09-01-2024 से 22-01-2024 तक ग्राम पंचायत पूलन के कार्यालय में किया गया। वर्तमान लेखों की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्न मासों का चयन किया गया जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | आय चयनित माह | व्यय चयनित माह |
|---|---|---|---|
| 1. | 2021-2022 | 01/2022 | 07/2021 |
| 2. | 2022-2023 | 04/2022 | 05/2022 |

**अस्वीकरण:-** वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व

उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

ग्राम पंचायत पूलन, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 01-04-21 से 31-03-23 तक के लेखों के अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹6400/- आँका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु इसे रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-09 को भेजने हेतु पंचायत सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/RK/2023-24/ 428 दिनाँक :-22.01.2024 द्वारा अनुरोध किया गया।

## 4 वित्तीय स्थिति

ग्राम पंचायत पूलन द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 04/2021 से 03/2023 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी :-

### 4.1 (क) स्वः-स्रोत व अनुदान

ग्राम पंचायत पूलन के अवधि 04/2021 से 03/2023 तक स्वः-स्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है। जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट-1 व 2** में भी दिया गया है:-

**(i) स्वः-स्रोत**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अंतिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| **2021-22** | 458338 | 78376 | 536714 | 35820 | 500894 |
| **2022-23** | 500894 | 108087 | 608981 | 60800 | 548181 |

**(ii) अनुदान**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अंतिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| **2021-22** | 4019783.25 | 12672838.9 | 16692622.15 | 10034086.9 | 6658535.25 |
| **2022-23** | 6658535.25 | 9983713 | 16642248.25 | 10471046 | 6171202.25 |

**कुल योग (i + ii ) =** ₹548181+ ₹6658535.25= ₹ 6719383.25

(ख) ग्राम पचांयत पूलन, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा (हि०प्र०)

दिनाँक 31/03/2023 को बैंक खातों में अन्तशेष का विवरण

| क्रम संख्या | खाता संख्या | शाखा | अनुदान का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 50100359249059 | HDFC BHARMOUR | 15th FC | 4132145 |
| 2 | 17810103210 | HP STATE CO-OP BANK BHARMOUR | 13th FC /SF/SFC/NBA/NRNM/VMJSY/NUCLOUS | 1997318 |
| 3 | 50100065724452 | HDFC BHARMOUR | 14th FC | 280579 |
| 4 | 50100009458987 | HDFC BHARMOUR | TSC | 59718 |
| 5 | 50100290187610 | HDFC BHARMOUR | IWMP | 0 |
| 6 | 50100065724570 | HDFC BHARMOUR | BIO DIVERSITY | 2106 |
| | | | **Total** | **6471866** |

अन्तर (क-ख) ₹6719383.25 - ₹6471866 = ₹247517.25

**4.2** उपरोक्त वर्णित वित्तीय स्थिति के अनुसार रोकड़ बही व बैंक पासबुक में दिनाँक 31-03-2023 को राशि ₹**247517.25** का अन्तर ग्राम पंचायत द्वारा मासिक बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण था तथा इसके अतिरिक्त गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में वर्णित IWMP मद के अंतर्गत SBI खाता संख्या 32635788989 के राशि ₹19675.25 की राशि दर्शाई गई थी जिसकी न तो बैंक पास बुक और न ही रोकड़ बही अंकेक्षण में प्रस्तुत की गई जिसके बारे में स्थिति स्पष्ट की जाए।

## 4.3 बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में ₹2.47 लाख का अन्तर पाया जाना

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत पूलन द्वारा हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की थी जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनाँक 31-03-2023 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में ₹247517.25 का अन्तर है, जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा संख्या 4 में दिया गया है।

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-SAD/CBA/RK/2023-24-416 दिनाँक 18.01.2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा सूचित किया कि "भविष्य में बैंक समाधान विवरणी मासिक आधार पर तैयार की जाएगी एवं वर्तमान अंतर का मिलान करके लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा।"

अत: भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये। वर्तमान में अन्तर का अति शीघ्र मिलान भी किया जाये तथा वस्तु स्थिति से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

## 5 अकुशल वित्तीय प्रबंधन के कारण अतिरिक्त ब्याज की आय से वंचित होना

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे सकंर्म, कराधान व भत्ते नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीयकृत बैंक सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है। ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना नहीं की गई थी तथा अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था। जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष निधियों (स्व:-स्रोत) में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा है।

अत: भविष्य में नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6 विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदान ₹61.71 लाख का अवरोधन।

पंचायत द्वारा "**परिशिष्ट -3**" पर अनुदानों से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनाँक 31-03-2023 तक अनुदान से प्राप्त अनुदान राशियों में से ₹**6171202.25** की राशि (रोकड़ बही के अनुसार) उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था। जबकि पंचायत द्वारा अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओ से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है। यह अनियमितता सम्बंधित पंचायत के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के अकुशल वित्तीय प्रबन्धन को भी इंगित करती है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-SAD/CBA/RK/2023-24-419 दिनाँक 18.01.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत पूलन के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतियुत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त स्पष्ट किया कि "भविष्य में प्राप्त अनुदान को समय पर खर्च किया जायेगा।"

अत: अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

## 7.1 पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया राशि ₹0.98 लाख की वसूली न करने बारे।

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि समस्त राजस्व को नियमित व अविलम्ब रूप से वसूलने व सम्बधित ग्राम पंचायत के खातों में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 114 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा। इसके अतिरिक्त पंचायत सचिव को नियम 77(4) व फॉर्म 10 के अनुसार पंचायत के गृह कर का मांग व संग्रहण रजिस्टर तैयार करना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत सचिव द्वारा सम्पति कर (गृहकर) रजिस्टर को संधारित नहीं किया गया था । जिस कारण सम्पति कर की वार्षिक मांग व गत बकाया बारे पुष्टि नहीं हो सकी । इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा धारा 114 के अनुरूप गृहकर का समय पर भुगतान न करने के लिए चुककर्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पंचायत द्वारा पंजीकृत परिवारों के आधार पर उपलब्ध करवाए गए अभिलेख के अनुसार निम्नलिखित **₹98695**/- की राशि वसूली हेतु शेष थी।

| **क्र० स०** | **वितीय वर्ष** | **अथशेष (₹)** | **पंजीकृत परिवारों की संख्या** | **दर प्रति /परिवार (₹)** | **वर्ष के दौरान माँग (₹)** | **कुल योग** | **वर्ष के दौरान वसूली (₹)** | **वसूली हेतु शेष बकाया राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 82195 | 664 | 25 | 16600 | 98795 | 16950 | 81845 |
| 2 | 2022-23 | 81845 | 674 | 25 | 16850 | 98695 | 0 | 98695 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 416 दिनाँक 18-01-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि पंचायत राजस्व की वसूली समय पर की जाएगी। उतर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है । अतः सम्पति/गृहकर की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.2 विवाह पंजीकरण के बिलम्ब शुल्क की वसूली न करने के कारण राशि ₹0.04 लाख की वित्तीय हानि।**

हिमाचल प्रदेश विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 की धारा 22 एवं हि०प्र० सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)-1/97, दिनाँक 17-12-2004 व SJE-A-A(3)-1/2015 दिनाँक 04-10-2016 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marrige-8107-10 दिनाँक 28-10-2016 के अनुसार विवाह पंजीकरण का सामान्य श्रेणी हेतु पंजीकरण की धारा 8(1) के प्रावधानों के तहत ₹200 (30 दिन के अंदर) व BPL/IRDP से राशि ₹25 (30 दिन के अंदर) तदोपरांत ₹400 (30 से 90 दिन के अंदर) व BPL/IRDP से राशि ₹50 (30 से 90 दिन के अंदर) की वसूली की जानी अपेक्षित थी एवं

वसूली गई फीस को सरकारी राजकोष के प्राप्ति शीर्षक खाता संख्या "0235-00-800-03" में विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जमा की जानी अपेक्षित है।

अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि **परिशिष्ट -5** अनुसार उक्त पंचायत सचिव द्वारा वर्ष 2021-22 के विवाह पंजीकरण रजिस्टर के पंजीकरण संख्या 1 से 15 तथा वर्ष 2022-23 विवाह पंजीकरण रजिस्टर के पंजीकरण संख्या 1-15 तक विवाह पंजीकरण शुल्क की व बिलम्ब शुल्क की वसूली नहीं की गई जोकि उक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना है। पंचायत सचिव की लापरवाही के कारण सरकार को राशि ₹4475/- की वितीय हानि हुई तथा विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाया गया है अपितु इसे बैंक के निधि खाते में रखा गया है जोकि उक्त नियमानुसार अनुचित है।

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या-417 दिनाँक 18-01-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि "विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली कर ली जाएगी ।" अतः उपरोक्त राशि को सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**7.3 पंचायत क्षेत्र में स्थापित मोबाइल टावर की कम्पनी से वार्षिक शुल्क ₹0.28 लाख की बकाया वसूली न करना :-**

प्रधान सचिव, सूचना प्रोद्योगिकी द्वारा जारी अधिसूचना संख्या DIT.Dev-(IT)2005(Misc.) 96 दिनाँक 21 जून 2017 के पैरा 3.4 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में मोबाइल टावर की स्थापना पर सम्बन्धित ग्राम पंचायत को ₹4000 से बढ़ाकर ₹10000 स्थापना शुल्क एवम प्रतिवर्ष ₹2000 से बढ़ाकर ₹5000 नवीनीकरण शुल्क प्राप्त करने का अधिकार है। पैरा 3.4 (ii)के अनुसार हर 5 साल के पूरा होने पर नवीनीकरण शुल्क में 25% की बढोत्तरी की जाएगी। पैरा 3.4 (iv) के अनुसार कोई भी मोबाइल टावर कम्पनी यदि अतिरिक्त अन्टेना किसी स्थापित टावर पर लगाएगी तो उसे वार्षिक शुल्क का 60% नवीनीकरण देना होगा।

इसके अतिरिक्त पैरा 3.4 (vi) के अनुसार यदि कोई मोबाइल टावर कम्पनी नोटिस की तिथि से 30 दिन के अंदर शुल्क नही चुकाती है तो उसे प्रति सप्ताह 5% दंड शुल्क भी चुकाना होगा परन्तु यदि लम्बित राशि नोटिस की तिथि से दो माह तक भी नही चुकाई जाती है तो ग्राम पंचायत सम्बन्धित कम्पनी की अनुमति रद करने बारे नोटिस जारी कर सकती है।

ग्राम पंचायत पूलन विकास खंड भरमौर जिला चम्बा के अभिलेखों की जांच एवम पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गयी जानकारी के अनुसार तथा वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित ग्राम पंचायत द्वारा बकाया स्थापना शुल्क तथा वार्षिक शुल्क अभी तक नही वसूला गया है जिसका विवरण निम्न दिया गया है -:

| **कम्पनी नाम** | **अवधि** | **स्थापना वर्ष** | **आरम्भिक शेष (₹)** | **स्थापना फीस (₹)** | **नवीनीकरण शुल्क (₹)** | **कुल मांग (₹)** | **प्राप्ति (₹)** | **अंतिम शेष (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एयरटेल | 2019-20 | 2006 | 18250.00 | 0 | 5000.00 | 23250.00 | 0 | 23250.00 |
| | 2020-21 | | 23250.00 | 0 | 5000.00 | 28250.00 | 0 | 28250.00 |

अत: उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि अंकेक्षण अवधि तक उपरोक्त कम्पनी से नवीनीकरण शुल्क के रूप में ₹28250 प्राप्त करना शेष था। उपरोक्त अधिसूचना के अनुसार वार्षिक शुल्क लेने के लिए मोबाइल कम्पनी को लिखित मांग पत्र ग्राम पंचायत द्वारा जारी करना चाहिए था परन्तु अभिलेखों के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा मोबाइल कम्पनी को शुल्क लेने के लिए कोई मांग पत्र / नोटिस जारी नही किया गया था, जोकि उपरोक्त नियमों की अवहेलना है।

इसके अतिरिक्त पंचायत द्वारा मांग व संग्रहण रजिस्टर का संधारण नही किया गया था। अत: मोबाइल टावर फीस नियमित रूप से वसूल न करना इस बात की ओर संकेत करता है की पंचायत अपनी आय बढ़ाने एवम कर उगाही के प्रति गम्भीर नही थी जो कि उपरोक्त नियमो की अवहेलना है।

अतः मोबाइल टावर कम्पनी से उक्त शुल्क वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए तथा की गई कार्यवाई से अंकेक्षण में अवगत करवाया जाएगा।

## 8.1 निर्माण कार्यों से सम्बंधित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन मापन पुस्तिका लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने बारे।

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है।

ग्राम पंचायत की नमूना लेखा परीक्षा के दौरान तकनीकी सहायक वह कनिष्ट अभियंता स्तर पर करवाए गए विकास/निर्माण कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, प्राक्कलन,मापन पुस्तिका इत्यादि अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए जिसके अभाव में उक्त कर्मचारियों के स्तर पर किये गए कार्यों व उसमे प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय,खपत,सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

इस सम्बध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 422 दिनाँक 18-01-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि उक्त अभिलेख अगले अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिए जायेगें। अतः उक्त अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8.2 निर्माण /विकास कार्यों पर राशि ₹0.34 लाख का निर्माण सामग्री का दुरूपयोग करने बारे**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली, 2002 के नियम 101 से 107 में निर्माण कार्य के निष्पादन से सम्बन्धित नियम प्रावधित हैं।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्य (Construction Work of Second Floor Panchayat Community Centre ) हेतु वॉउचर संख्या 07 दिनाँक 18.06.22 अनुसार 9292 Nos इंटें क्रय की गई थी जबकि माप पुस्तिकाओं की जांच करने पर पाया गया कि माप पुस्तिका संख्या 29867 पृष्ट संख्या 13 पर दर्ज कुल 5466 इंटें उपयोग में लाई गई थी इस प्रकार 3826 Nos इंटें जोकि @ 8.96 प्रति ईंट 3826 x 8.96 = 34280/- की क्रय की गई थी न तो उपयोग में लाई गई और न ही स्टॉक में भी शेष के रूप में नही पाई गई थी।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-SAD/CBA/RK/2023-24/425 दिनाँक 19.01.2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि "उक्त अनुचित भुगतान की वसूली कर ली जाएगी।"

अतः उक्त अनुचित भुगतान को या तो न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा उचित स्रोत से वसूली उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवाया जा सुनिश्चित किया जाए।

**8.3 ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से रॉयल्टी न वसूलने के कारण सरकार को ₹1.16 लाख के राजस्व की सम्भावित वित्तीय हानि ।**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स (कन्सेशन) एवं मिनरल्स (प्रिवेंशन ऑफ इलीगल माइनिंग ट्रान्सपोटेशन एन्ड स्टोरेज) नियमावली, 2015 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार विकास/निर्माण कार्यों पर उपयोग की जाने वाली सामाग्री के लिए ठेकेदार/आपूतिकर्ता को खनन विभाग से अन्नापति प्रमाण पत्र/M-फॉर्म,XY-फॉर्म प्राप्त कर सम्बंधित पंचायत को देना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत पूलन, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा की अंकेक्षण अवधि 01-04-2021 से 31-03-2023 के अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण एवं पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर पाया गया कि पंचायत द्वारा उक्त नियमों एवं आदेशों की पूर्णत: अवहेलना की जा रही थी। पंचायत द्वारा ठेकेदारों से न तो कोई अन्नापति प्रमाण पत्र/ XY-फॉर्म /M-फॉर्म लिया गया था और न ही रॉयल्टी की अपेक्षित कटौती की गई थी फलस्वरूप सरकार को कुल ₹116674/- (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट " 4 "** में दिया गया है।) की संभावित वित्तीय हानि हुई है।

इस गंभीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/RK/2023-24/421 दिनाँक 18.01.2024 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि "उक्त क्रय सामग्री हेतु रॉयल्टी की कटौती सम्बन्धित संविदाकारों से करके उसे सरकारी कोष में जमा करवा कर कृत कार्यवाही से विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा एवं भविष्य में M-फार्म/X-फार्म न होने की स्थिति में नियमानुसार रॉयल्टी की कटौती की जायेगी एवं उसे समय पर सरकारी कोष में भी जमा करवा दिया जायेगा।"

अत: पंचायत द्वारा रॉयल्टी न काटा जाना न केवल सरकारी आदेशों की अवहेलना है परन्तु सप्लाईर/ठेकेदार को अनुचित लाभ देकर सरकारी राजस्व की भी वित्तीय हानि है।

अत: भविष्य में अनापत्ति प्रमाण पत्र/XY-फॉर्म/M-फ़ार्म न होने की दशा में रॉयल्टी की कटौती नियमित रूप से करके सरकारी कोष में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये एवं वर्तमान

में रायल्टी न काटे जाने को न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा उक्त राशि की रॉयल्टी की वसूली उचित स्त्रोत से करके शीघ्रअतिशीघ्र सरकारी कोष में जमा करवा कर कृत कार्यवाही/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.4 प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) के तौर पर राशि ₹1.04 लाख की सम्भावित वित्तीय हानि बारे।**

केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के प्रावधानों के अनुसार रेत, बजरी एवं पत्थर इत्यादि पर 5% की दर से GST का भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत के अभिलेखों के नमूना/चयनित अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान आपूर्तिकर्ता का GST धारक होने पर वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 हेतु निविदा स्वीकृत की गई थी परन्तु अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा इन्हें राशि ₹ **2192956**/- का भुगतान (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "4"** में दिया गया है।) किसी प्रॉपर/कंप्यूटर जेनरेटड/टैक्स बिल पर न करके एक सादे कागज़ पर कर दिया गया है। तथा इसके अतिरिक्त पंचायत द्वारा किसी भी तरह के GST को सरकारी खजाने में जमा करने सम्बंधित चालान अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किये गये जिससे इन बिलों की सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी। यह न केवल अनुचित प्रक्रिया है अपितु एक प्रॉपर टैक्स बिल के अभाव में सरकार को देय वस्तु व सेवा कर (GST) के तौर पर लगभग राशि ₹104426/- की सम्भावित वित्तीय हानि भी हुई है।

इस गंभीर अनियमितिता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/RK/2023-24/422 दिनाँक 18-01-2024 के प्रत्त्युतर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि GST की कटौती आपूर्तिकर्ताओं से वसूल कर ली जाएगी। उत्तर तर्कसंगत नहीं है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि पंचायत द्वारा गठित उप-क्रय समिति द्वारा कुटेशनों एवं क्रय के समय बिलों की उचित जांच पड़ताल नहीं की गई जिससे कि उक्त आपूर्तिकर्ताओं को अनुचित तरीके से भुगतान प्राप्त किया गया जिससे कि सरकार को वस्तु एवं सेवा कर की वित्तीय हानि होने के साथ-साथ किया गया भुगतान भी संदिग्ध प्रतीत होता है जोकि एक अत्यंत गंभीर वित्तीय अनियमितता है। अतः उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में बिना टैक्स बिल के भुगतान करने का औचित्य तथ्यों सहित स्पष्ट किया जाये एवं उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा यदि कोई उक्त बिलों के सम्बन्ध में कर भुगतान किया गया हो तो उनका साक्ष्य अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ अंकेक्षण विभाग को शीघ्र प्रेषित किया जाये अन्यथा नियमविरुद्ध किये गए भुगतानों पर

देय कर की पूर्ण गणना उपरान्त राशि की उचित स्रोत से वसूली करके सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया । यह गंभीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के समक्ष इस आशय से लाया जाता है कि ऐसे प्रकरणों की गहन जांच की जाये ताकि किसी भी प्रकार से सार्वजानिक धन के दुरूपयोग एवं कर अदेयता के मामलों की सम्भावना को पूर्णतः नकारा जा सके ।

**8.5 राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में पंचायत द्वारा सभी चल-अचल सम्पतियों को दर्ज न करने बारे।**

पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में वर्ष 2010-11 में पंचायत मिशन प्रोजेक्ट प्रारम्भ की गई थी । इस योजना के अंतर्गत विभिन्न एप्लिकेशन्स हैं जिनसे पंचायत की दैनिक कार्यवाही जैसे कि पंचायत द्वारा की गई सेवाओं, सामान के खरीद, भुगतान एवं पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का (उनके वास्तविक मूल्य पर) इन्द्राज करना अनिवार्य है ।

ग्राम पंचायत पूलन के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में पंचायत द्वारा अर्जित सभी चल-अचल सम्पतियों एवं किये गए कार्यों को इन्द्राज/दर्ज नहीं किया गया था । जबकि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि तक कई कार्यों को पूर्ण किया गया था । लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी कार्य उक्त एप्लीकेशन में नहीं किया जा रहा था जोकि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पूर्णतया अवहेलना है । जिसके बारे में स्थिति स्पष्ट की जाए तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**9.1 ₹1.45 लाख के मस्ट्रोलों के भुगतान में पाई गई विविध अनियमितताओं बारे ।**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 49(1)(2) में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा पारित भुगतान ग्राम पंचायत के प्रधान और संबद्ध सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित किया जाना अपेक्षित है। इसके अत्तिरिक्त इस अधिनियम के नियम 93(क) एवं अधिनियम 1994 की धारा 23 के अधीन गठित संकर्म समिति एवं नियम 108 के अनुसार सतर्कता समिति पंचायत द्वारा निष्पादित निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेगी ।

ग्राम पंचायत पूलन के लेखों की नमूना/चयनित माहों के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अग्रतालिका के विवरणानुसार व्यय किया गया था जिसमें निम्नलिखित विभिन्न अनियमिततायें पाई गई :-

1. संकर्म समिति, सतकर्ता समिति के सदस्यों के मस्ट्रोल पर हस्ताक्षर नहीं करवाये गए थे । जबकि उक्त वर्णित नियमानुसार पंचायत स्तर के विभिन्न संकर्मों के निष्पादन हेतु उक्त दोनों

समितियों का होना व हस्ताक्षर करना आवश्यक है। इसके बिना पंचायत स्तर के कार्यों की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकती।

2. बिना पे-ऑर्डर एवं प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही भुगतान कर दिया गया था। जोकि उपरोक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना है। जबकि उक्त नियमानुसार कोई भी संदाय/भुगतान इसमें वर्णित प्रावधानों के बिना नहीं हो सकता था।

3. मस्ट्रोल में दर्ज कुल मजदूरों की उपस्थिति को प्रधान/सम्बन्धित वार्ड सदस्य द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था। जोकि उनकी वास्तविक उपस्थिति की पुष्टि को सन्देहजनक बनाता है।

| मस्टरोल संख्या | रोकड़ बही पृष्ट संख्या /दिनाँक | राशि | विवरण | मद | कार्य का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| Muster Roll No | CB Page No /Date | Amount | Discription Of Item | Head | Name of Work |
| 11044 | 112/22.10.21 | 43626.00 | LABOUR PAYMENT | NDRF | C/O MAINTANCE OF PATH MAIN ROAD TO BARGAH |
| 11056 | 26/09.05.22 | 48020.00 | LABOUR PAYMENT | IWMP | C/O PLANTATION WORK NEAR CHAMUNDA MANDIR THATHAN |
| 11098 | 11/20.5.22 | 53640.00 | LABOUR PAYMENT | 15th fc | C/O PUCCA PATH & GRILL BARGA |
| | Total | 145286 | | | |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 423 दिनाँक 19.01.2024 के द्वारा उक्त प्रकरण को वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु सचिव, ग्राम पंचायत पूलन के ध्यानार्थ लाया गया था जिसके प्रतियुत्तर में सचिव द्वारा उपरोक्त सभी तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि "उक्त वर्णित अनियमितताओं की पुनरावृत्ति भविष्य में नहीं की जायेगी तथा कृत कार्रवाई से अवगत करवा दिया जायेगा।"

अत: इस सम्बन्ध में आगामी आवश्यक कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

## 9.2 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही ₹2.55 लाख के स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे।

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते व नियम 2002 के नियम 67(4),67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की औपचारिकतायें यथा निविदायें,( Tenders) कुटेशन (Quatations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची ,आपूर्ति आदेश इत्यादि प्रावधित है। तथा इसके अतिरिक्त

पंचायत के नमूना अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत पूलन द्वारा राशि **₹255034**/- के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। उक्त राशि की सामग्री व सेवाओं का क्रय औपचारिकतायें पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जिससे कि ग्राम पंचायत को न केवल बाजारी प्रतिस्पर्धा के लाभ से वंचित होना पड़ा बल्कि पंचायती राज अधिनियम 2002 के नियमों की अवहेलना भी की गई जोकि एक गंभीर अनियमितता है।

| क्र० सं | वाउचर संख्या /दिनाँक | निधि का नाम | विवरण | मद का विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2/2021-22/05.04.21 | SF | Dilwar Ram Vill Poolan Tehsil Bharmour | Refreshment | 6300 |
| 2 | 02/22-23 /09.05.22 | SF | Manimahesh Printer Bharmour | Stationary | 4210 |
| 3 | 03/22-23 /09.05.22 | SF | Manimahesh Printer Bharmour | Stationary | 9220 |
| 4 | 07/18.06.22 | 13th FC | Vishal Enterprises Karian Chamba | Bricks | 44217 |
| 5 | 07/18.06.22 | 13th FC | Vishal Enterprises Karian Chamba | Bricks | 43203 |
| 6 | 01/09.5.22 | IWMP | Dheeraj Medicinal Arometic & Flower Nursery Vill Supa | Plants | 17200 |
| 7 | 1-3/24.04.22 | 14th FC | Satpal General Store Main Bazar Bharmour | Electrical Item | 114000 |
| 8 | 02/06.05.22 | 15th FC | Vishal Enterprises Karian Chamba | Steel/Wire | 16684 |
| | | | | **Total** | **255034** |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 420 दिनाँक 18-01-2024 द्वारा उक्त प्रकरण वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु सचिव, ग्राम पंचायत पूलन के ध्यानार्थ लाया गया था जिसके प्रतियुत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि "भविष्य में सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही क्रय किया जायेगा।" प्रस्तुत उत्तर तर्कसंगत नहीं है।

अतः इस अनियमितिता की सक्षम अधिकारी से कार्योतर स्वीकृति लेकर इस व्यय को नियमित करवाया जाए अन्यथा आवश्यक विधिवत औपचारिकतायें पूर्ण किये बिना, की गई खरीद से हुई हानि की प्रतिपूर्ति को उचित स्रोत से वसूल कर सम्बन्धित निधि में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा भविष्य में नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं निर्गम किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**9.3 राशि ₹1.21 लाख के सामान/स्टोर की स्टॉक प्रविष्टियाँ व रजिस्टरों का संधारण नियमानुसार न करने बारे**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के चैप्टर-8 नियम 69 के अनुसार सारा स्टोर (सामान) जब प्राप्त किया जाता है ,परिदान के समय, उसका यथास्थिति,परिक्षण, गणना,माप या तोल किया जायेगा और तुरंत स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्ट किया जायेगा। किसी एकल दिवस की प्रविष्टियों के अंत में यथास्थिति ग्राम पंचायत सचिव द्वारा स्टॉक (सामान) उचित स्थिति का प्रमाण पत्र दिया जायेगा। अधिशेष यदि कोई है; का विवरण और कोई कमी (यदि कोई है) लाल स्याही से उपदर्शित की जायेगी।

परन्तु पंचायत के नमूना/चयनित अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा राशि ₹121450.00 के स्टॉक/स्टोर का क्रय किया गया था किन्तु उक्त की स्टॉक प्रविष्टी नही की गई थी।

| क्र० सं | वाउचर संख्या /दिनाँक | निधि का नाम | विवरण | मद का विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 23/05.03.22 | SF | Manimahesh printer bharmour | Stationary | 3400 |
| 2 | 02/22-23 /09.05.22 | SF | Manimahesh printer bharmour | Stationary | 4210 |
| 3 | 03/22-23 /09.05.22 | SF | Manimahesh printer bharmour | Stationary | 9220 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 07/18.06.22 | 13th FC | Vishal enterprises karian chamba | Bricks | 44217 |
| 5 | 07/18.06.22 | 13th FC | Vishal enterprises karian chamba | Bricks | 43203 |
| 6 | 01/09.5.22 | Iwmp | Dheeraj medicinal arometic & flower nursery vill supa | Plants | 17200 |
| | | | | Total | 121450 |

इस अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/RK/2023-24/424 दिनाँक 19-01-2024 द्वारा, सचिव को अवगत करवाया गया। इस सम्बन्ध में सचिव के द्वारा कि भविष्य में उक्त अनियमितता को नही दोहराया जायेगा।

अत: नियमों के विरुद्ध अपनाई गई इस कार्यप्रणाली बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य में नियमानुसार क्रय किये गए सामान के स्टॉक प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें एवं उक्त स्टॉक की प्रविष्टि करके अंकेक्षण में प्रस्तुत की जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**9.4 ( i) 14वां वित्त आयोग से राशि ₹0.13 लाख का अनुचित भुगतान करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली, 2002 के नियम 46 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार पंचायत द्वारा किये जाने वाले खर्चों को मितव्ययिता के साथ किये जाने के नियम प्रावधित हैं ।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा 14th FC से निम्न विवरण अनुसार प्रिंटर हेतु कारटेजें (Cartridges) क्रय की गई थी किन्तु उक्त प्रिंटर व कारटेजें पंचायत के स्टॉक रजिस्टर में नही पाए गये जिस कारण यह पता लगाया मुश्किल था कि किया गया व्यय वास्तविक था अथवा नहीं जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता है तथा किया गया व्यय संदिग्ध प्रतीत होता है।

| क्र० सं | वाउचर संख्या /दिनाँक | निधि का नाम | विवरण | बिल संख्या | दिनाँक | सामग्री का विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26/16.08.21 | 14th FC | E-Point cyber & computer shop | 75 | 23.07.21 | Samsung 1043 Cartage Rs 5700, HP 88 A Original Cartage Rs.7300.00 | 13000 |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/RK/2023-24/426 दिनाँक 19-1-2024 द्वारा सचिव ,ग्राम पंचायत को इस बारे में स्थिति स्पष्ट करने बारे कहा गया था। इसके प्रत्तुयुत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि इस अनियमितता को भविष्य में नही दोहराया जायेगा तथा उक्त राशि की वसूली कर ली जाएगी। अतः उक्त किये गये भुगतान की वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए व भविष्य में इस तरह की अनियमितता को न दोहराया जाए ।

**ii) 14वां वित्त आयोग से राशि ₹0.47 लाख का अनियमित भुगतान करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली, 2002 के नियम 46 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार पंचायत द्वारा किये जाने वाले खर्चों को मितव्ययिता के साथ किये जाने के नियम प्रावधित हैं ।

